भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2050
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम बंगाल में हवाई अड्डे का विकास

2050. श्रीमती माला रायः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या पश्चिम बंगाल में नया हवाई अड्डा स्थापित करने का सरकार का कोई प्रस्ताव है; और
(ख) यदि हां, तो स्थान-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): भारत सरकार (जीओआई) ने देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है। इस नीति के अनुसार, यदि राज्य सरकार सहित कोई हवाईअड्डा विकासकर्ता, हवाईअड्डे का विकास करना चाहता है, तो उन्हें उपयुक्त स्थल की पहचान करनी होगी और व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन करना होगा और 'साइट क्लीयरेंस' और तत्पश्चात 'सैद्धांतिक' मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

वर्तमान में, पश्चिम बंगाल में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए जीएफए नीति के तहत साइट क्लीयरेंस की मांग हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****